**संख्या-42/2015/1341/एक-4-15-रा0-4/15**

प्रेषक,

शम्भू दयाल त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1- आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0 प्र0,
लखनऊ।

2- आयुक्त,
देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।

**राजस्व अनुभाग-4** **लखनऊ दिनांक 20 नवम्बर, 2015**

**विषयः-** वित्तीय वर्ष 2015-16 में मण्डलायुक्त कार्यालय देवीपाटन मण्डल, गोण्डा के निर्माणाधीन भवन के फर्नीचर एवं साज-सज्जा हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1419/12-भवन 24/2008टी0सी0, दिनांक 31-07-2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु मण्डलायुक्त कार्यालय देवीपाटन मण्डल, गोण्डा के निर्माणाधीन भवन के फर्नीचर एवं साज-सज्जा हेतु रूपया-50.00 लाख (रूपये पचास लाख मात्र) की धनराशि व्यय करने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) व्यय करने के पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल/फाइनेंशियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत शासकीय अथवा सक्षम प्राधिकारी की सहमति की आवश्यकता हो उसमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(2) व्यय करते समय मितव्ययिता के संबंध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों का भी विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(3) स्वीकृति धनराशि उन्हीं कार्यो पर खर्च की जाय जिसके लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

2- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के अनुदान संख्या-50 लेखाशीर्षक-2053-जिला प्रशासन-आयोजनेत्तर-101-आयुक्त-03-मुख्य कार्यालय-12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण के मद के नामे डाला जायेगा।

3- यह शासनादेश वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च, 2015 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के तहत जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(शम्भू दयाल त्रिपाठी)
विशेष सचिव ।

**संख्या-42/2015/625(1)एक-4-15-तददिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -:

1- महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- कोषाधिकारी लखनऊ।
4- वित्त (आय व्ययक )अनुभाग-1 व 2
5- वित्त (व्यय नियंत्रण)अनुभाग-5
6- राजस्व अनुभाग-6
7- गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

( बीरबल सिंह )
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in